Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित




पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले इनको.....०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

कन्नौज से ताल ठोकेगें सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव!.......०1

वर्षः ०1 अंकः 288 | बदायूं, गुरूवार 25 अप्रैल 2०24 | पृष्ठ- ०6 | मूल्य- 4.०० रूपये

## पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले- इनको संविधान से नफरत



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि विकास तब होता है जब सही नीतियां हो, सही विजन हो, इसलिए देश हो या मध्य प्रदेश विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय में एमपी की पहचान बीमा राज्य की थी। आज वही मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार में विकास की नई इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में केन बेतवा लिंक योजना का एतिहासिक काम शुरू हो गया है। एमपी में अच्छे हाइवे का नेटवर्क बनाया जा रहा है। नर्मदा प्रगति पथ और विंध्य प्रगति पथ और मध्य भारत प्रगति पथ हो बुंदेलखंड प्रगित पथ अब नए मध्य प्रदेश की पहचान बन रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस की एक ऐसी सच्चाई देश के सामने आई है, जिसे सुनकर हर देशवासी सन्न हो गया है। हमारा संविधान साफ-साफ मना करता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। खुद बाबा साहेब अंबेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस ने वर्षों पहले धर्म के आधार पर आरक्षण का खतरनाक संकल्प लिया था। वो अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए भांति भांति के हथकंडे अपना रही है।

पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश के संविधान से नफरत है। इनको भारत की पहचान से नफरत है। इसलिए ये हर उस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो, देश की साख कमजोर हो। आज कांग्रेस का हिडेन एजेंडा बाहर आया है। आज कांग्रेस ने कहा है कि वह टैक्स लेगी। मेहनत करके, मुसीबतों को झेल कर जो संपत्ति आपने बचाई है, कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह आपसे लूट लेगी।

कांग्रेस, भारत के सामाजिक मूल्यों और भारत के सामाज की भावनाओं से कितना कट चुकी है। कांग्रेस को पारिवारिक मूल्यों का अंदाजा नहीं रहा है। ये लोग समाज को आपस में लड़वाने के लिए नए-नए पैंतरे लेकर आते हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया है। इसके लिए कांग्रेस ने गैर कानूनी तरीके से एक चालाकी की है। मुस्लिमों की सभी जातियों को कोटा में डाल दिया है। ऐसा करके मिलने वाले बहुत बड़े हक को छीनकर धर्म के आधार पर दे दिया। कांग्रेस यही फॉर्मूला पूरे देश में लागू करना चाहती है। पीएम मोदी ने कहा कि आपकी अपेक्षाएं शिक्षा स्वास्थ्य की पूरी हो रही है, इस क्षेत्र का अब औद्योगीकरण किया जाएगा। एमपी सरकार इस हेतु प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सभा में माताएं भी आई है, मोदी सरकार ने हमेशा आपकी चिंता की है। गरीब कल्याण का कार्य निरंतर जारी है। आपको गारंटी देता हूं कि अगले 5 सालों तक आपको राशन की चिंता करने की जरूरत नहीं है। स्वयंसहायता समूह की तीन लाख महिलाओ को लखपति बनाने का संकल्प लिया है जो मैं पूरी करके दिखाऊंगा।

## सस्पेंस खत्मः आज कन्नौज से ताल ठोकेंगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव!

### उम्मीदवारी पर बन गई बात, संग रहेगा पूरा यादव कुनबा



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए कन्नौज में चल रहा सियासी ड्रामा आखिरकार बुधवार को खत्म हो गया। सपा में टिकट को लेकर जो असमंजस की स्थिति अब साफ हो चुकी है। पहले इस सीट से अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव का नाम सामने आया अब साफ हो गया है कि गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव इस सीट पर लड़ेंगे। अखिलेश नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को कन्नौज कलक्ट्रेट पहुंचकर अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

इस दौरान सपा के पूरे कुनबे के यहां रहने की संभावना जताई जा रही है। इसमें अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, चाचा डॉ. रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव भी रहेंगे। खुद तेज प्रताप यादव भी यहां नामांकन के समय मौजूद रहेंगे। हालांकि अखिलेश यावद के नामांकन को लेकर अधिकारिक रूप से कोई कुछ नहीं बोल रहा है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि पार्टी को कन्नौज से मिले फीडबैक के आधार पर हुए मंथन के आधार पर अखिलेश यादव के ही चुनाव लड़ने की बात पक्की हो गई है। अभी पार्टी की ओर से अधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। पार्टी के जिम्मेदार फिलहाल तेज प्रताप यादव को ही अधिकृत उम्मीदवार बता रहे हैं। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने बताया कि पिछले दो दिनों की रिपोर्ट पार्टी प्रमुख तक पहुंचा दी गई है। अब उन्हें आगे का फैसला लेना है। पार्टी ने तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार घोषित कर रखा है। बदलाव से जुड़ा जो भी फैसला होगा, उसे सभी कार्यकर्ता मानेगें।

## एक नजर

### बरेली में दर्दनाक हादसा

#### बजरी भरी ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आई स्कूटी, मां-बेटी की मौत

**बरेली।** मिनी बाईपास पर बुधवार दोपहर को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। बजरी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला और उसकी तीन वर्षीय बेटी की मौत हो गई। महिला की बड़ी बेटी घायल हुई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही महिला के परिवार में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के मुताबिक इज्जतनगर थाना क्षेत्र के परतापुर चौधरी निवासी फिरदौस अख्तर पत्नी शम्सुलहक स्कूटी से अपनी दो बेटियां अक्शा फात्मा (15) और जन्नत फात्मा (3) के साथ जा रही थीं। इज्जतनगर क्षेत्र में मिनी बाईपास पर ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी ट्रॉली के नीचे आ गई, जिससे फिरदौस और उसकी छोटी बेटी की मौत हो गई। अक्शा फात्मा घायल हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## हेमंत सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, जमानत पर एचसी के फैसले में देरी के खिलाफ लगाई याचिका



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दायर याचिका में कहा कि धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर हाईकोर्ट फैसला नहीं सुना रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं दिया गया है।

बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया है।

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित फ्रंटमैन राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 3० मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

ईडी ने रांची में स्थित जमीन भी कुर्क की है और अदालत से भूखंड जब्त करने का अनुरोध किया है। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच झारखंड पुलिस की ओर से राज्य सरकार के अधिकारियों सहित कई लोगों के खिलाफ भूमि घोटाले के मामलों में दर्ज कई एफआईआर से संबंधित है। मामले में मुख्य आरोपी प्रसाद है, जो सरकारी रिकॉर्ड का संरक्षक था। ईडी ने एक बयान में कहा था कि उन पर आरोप है कि उन्होंने सोरेन समेत कई लोगों को भू-संपत्तियों के रूप में अवैध कब्जे किये है।

## अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा- पश्चिम से चली हवा करेगी भाजपा का सफाया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** पश्चिम से चली हवा इस चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया कर देगी। यह बात बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ताखा के एसएस मैमोरियाल इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर चंदा नहीं सिर्फ वसूली की गई है।

दोपहर लगभग एक बजे पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संबोधन शुरू किया। इसमें उन्होंने कहा कि ये चुनाव गर्मियों में होने जा रहा। चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ गर्मी बढ़ने लगी है। कहा कि अभी तो हर दिन शाम को आंधी आएगी। बोले- जो पश्चिम से हवा चली है, वह भाजपा का सफाया करेगी।

विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन को इंडिया कहने से भी बचते हैं। वह उसे इंडी कहकर बुला रहे हैं। कहा कि पहले चरण ने रुझान दे दिया है। किसान, नौजवान इस बार सपा के पक्ष में वोट कर रहा है। इलेक्टोरल बांड का जिक्र करते हुए कहा कि चंदा पांच रुपये, एक हजार, एक लाख, दो लाख दिया जाता है।

कोई भी चंदा छह सौ करोड़, एक हजार करोड़ नहीं देता है। इलेक्ट्रॉल बांड के नाम पर भाजपा ने वसूली की है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के सहारे सब रुपये वसूला गया है। कहा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया। आगे कहा कि बीमारी को भगवाने के लिए भाजपा ने ताली और थाली बजवाई। पुरानी गारंटी जुमला थी, अब नई गारंटी घंटी है जो बजती रहेगी। कहा कि भाजपा ने 16 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों का कर्ज माफकिया है। इसमें कई ऐसी कंपनी हैं, जिन्हें बैंकों से दोबारा कर्ज दिला दिया और उसमें से ही चंदा ले लिया। दावा कि इंडिया गठबंधन किसानों का कर्ज माफ करेगी। आरोप लगाया कि भाजपा ने पांच करोड़ से ज्यादा वालों का ही कर्ज माफ किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने पर भी कहा कि चुनाव को देखते हुए भाजपा ने यह निर्णय लिया। उन्होंने मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह का बिना नाम लिए हुए कहा कि बताओ मंत्री में ज्यादा चीनी या सांसद बनने में? जब मंत्री में ज्यादा चीनी है, तो कोई सांसद क्यों बनेगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ हाजिरी लगाने के लिए चुनाव लड़ा जा रहा है।

## चुनावी बॉन्ड मामले में कॉरपोरेट और नेताओं के बीच सांठगांठ की हो एसआईटी जांच को याचिका दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड की जांच से जुड़ी के लिए एक याचिका दायर की गई है। याचिका में इलेक्टोरल बॉन्ड्स (चुनावी बॉन्ड्स) के माध्यम से कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच परस्पर सांठगांठ के कथित उदाहरणों की जांच एक विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है। याचिका में अधिकारियों को शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को मिलने वाले वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉन्ड डेटा के जरिए जिन तथ्यों का खुलासा किया गया है, उनकी विस्तृत जांच कराई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में कहा गया है कि यदि जांच में यह पता चले कि कंपनियों की ओर से राजनीतिक दलों को दी गई राशि अपराध के जरिए अर्जित की गई है, तो उसे विभिन्न पार्टियों से वसूली का निर्देश भी अधिकारियों को दिया जाना चाहिए।

## वायनाड पहुंची प्रियंका, बोलीं- भाजपा जनता की समस्याओं पर बात नहीं करती



**वायनाड।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने वाला है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने आज केरल के वायनाड में एक रैली को संबोधित किया। बता दें कि वायनाड राहुल गांधी का संसदीय क्षेत्र है। अपनी रैली में प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कांग्रेस के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयानों से यह स्पष्ट है कि वह जनता की समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं।

रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, अगर आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयानों पर नजर डालेंगे तो आपको मालूम चलेगा कि उन्होंने आपकी समस्याओं पर कोई बात नहीं की। उन्होंने विकास पर कोई बात नहीं की। वे वास्तविक मुद्दों पर कभी बात नहीं करते।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हर दिन वे एक नया मुद्दा लेकर आते हैं, जिसका आपके जीवन से कोई संबंध नहीं है। इन मुद्दों का आपके विकास से भी कोई संबंध नहीं है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से भी इन मुद्दों का कोई संबंध नहीं होता है। वे मीडिया को भी उन मुद्दों पर बात करने के लिए मजबूर कर देते हैं।

वायनाड में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बताया कि कांग्रेस शुरू से लेकर आज तक विजन की बात कर रही है। उन्होंने कहा, आप मेरा भाषण भी सुन सकते हैं। जब आप उनके भाषण सुनेंगे तो पता चलेगा कि उनके पास क्या है? कौन-सा विजन? आप विजन 2०47 कहते हैं लेकिन वह विजन क्या है? पिछले 1० वर्षों में आपने इस विजन को आगे बढ़ाने के लिए क्या किया? आम आदमी के लिए आपके पास क्या विजन है? आप रोजगार देने के लिए क्या कर रहे हैं?

भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि उनके व्यवहार से ऐसा लगता है कि चुनाव उनके पक्ष में नहीं जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा बौखलाई हुई है। अगर 1० सालों में इन्होंने जनता के लिए कुछ किया होता, तो मंच पर आकर यह चर्चा नहीं होती जो आजकल हो रही है। रोज नया मुद्दा उठा रहे हैं, जिससे जनता का कोई ताल्लुक नहीं है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर जनता को गुमराह करने और डराने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा को समझ आ रहा है कि रूझान इनके पक्ष में नहीं जा रहा है

## मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ी

**दिल्ली।** आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बुधवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी है। इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ाई थी। इसी के साथ कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में बयान और सबूत दिखाने के लिए एक टेबल बनाए। राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले में अगली सुवनाई 7 मई को होगी।




# भाजपा के गलत मंसूबों पर लगा दो अलीगढ़ी ताला: अखिलेश यादव



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 23 अप्रैल को प्रहार के साथ-साथ जवाब देने की मुद्रा में भी नजर आए। उन्होंने 22 अप्रैल को नरेंद्र मोदी के भाषण का जवाब देते हुए साफ-साफकहा पहले चरण के मतदान में पश्चिम से जो हवा चली है। उसने ऐलान कर दिया है कि भाजपा का इस बार सफाया होने जा रहा है।

ऐसे में अलीगढ़ वालों से कहूंगा कि ऐसा ताला बनाओ, जो भाजपा के गलत मंसूबों पर हमेशा के लिए लग जाए। उनके गलत मंसूबे नफ़रत फैलाने के हैं, ये हमेशा के लिए बंद हो जाएं।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय व देश-प्रदेश से जुड़े मुद्दों को खूब उछाला और भाजपा सरकार से जवाब मांगा। कहा कि यही वक्त है लोकतंत्र बचाने का। उन्होंने कहा कि चुनाव के रुझान बाद में आते हैं। मगर दिल्ली व लखनऊ वालों के भाषणों में चुनाव के रुझान आने लगे हैं। यूपी व देश में इंडी गठबंधन की चर्चा होने लगी है। ये तो चुनाव का पहला चरण खत्म हुआ है। उसी में रुझान आने लगे हैं।

भाषणों में इनकी भाषा, इस ओर इशारा कर रही है। जो लोकतंत्र को कमजोर करता है, उसका यही हाल होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दस साल की सांसदी पर गणित बताया। कहा कि इस गणित की कोई भरपाई नहीं हो रही है। आप लोग खुद हिसाब लगा लो। उन्होंने हिसाब बताया कि प्रदेश में साठ लाख नौजवानों की परीक्षा छूटी। वे आहत हैं। उनके माता-पिता भी आहत हैं। इस तरह तीन वोट से एक करोड़ अस्सी लाख वोट हो गए। प्रदेश की अस्सी सीटों में बंटवारा कर दें तो प्रत्येक सीट पर 2.25 लाख वोट कम हो गया।

यही इनकी हार का कारण बन रहा है। उन्होंने अलीगढ़ के भाईचारे का जिक्र करते हुए कहा कि अलीगढ़ ने हमेशा सौहार्द व भाईचारे का परिचय दिया है। यहां मिली जुली संस्कृति है और लोग मिलकर रहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सुना है कि अलीगढ़ व गोरखपुर में प्रतिस्पर्धा चल रही है।

बरसात में कहां ज्यादा पानी भरेगा। बताओ यहां जलभराव है या नहीं। शहर अच्छे होने चाहिए थे, मगर बर्बाद कर दिए गए। जहां गांव बर्बाद किए, वहीं शहरों की भी ऐसे ही हालत हैं। गांवों में लोगों को खेतों की रखवाली करनी पड़ती है, ये प्रदेश का हाल है। पूर्व मुख्यमंत्री ने मुद्दे उछालते हुए सबसे पहले किसानों का जिक्र किया। कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को कितनी परेशानी आई है। जब से यह सरकार आई है, किसान संकट में है।

शायद आजादी के बाद किसानों के सामने इतनी मुसीबतें कभी नहीं आई। जब कोरोना था, तब सब कुछ बंद था। मगर खेतों पर किसान और उसका बेटा अन्न पैदा कर रहा था। हमारे पेट भरने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था बचाई। इसके बाद भाजपा वाले धोखे से काले कानून लाए। देश के किसान दिल्ली जाकर सरकार के खिलाफ खड़े हो गए। इन्होंने कीलें लगवाईं, पुलिस लगवा दी, दीवारें खड़ीं कीं, ट्रैक्टर को डीजल नहीं भरने दिया। मगर किसानों ने परवाह नहीं की। दिल्ली जाकर खड़े रहे। हजारों शहीद हो गए। तभी लौटे, जब तीनों काले कानून वापस ले लिए गए। भाजपा सरकार में न किसानों की आय दोगुनी हुई, न उन्हें कुछ मिला।

गेहूं की न लागत मिल रही और न लाभ। ये दिल्ली व लखनऊ वाले लंबे-लंबे भाषण दे रहे हैं। मगर आंकड़ा बताता है कि दस साल में गरीबी के कारण कई लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। इसका क्या जवाब है, सरकार के पास। इसी तरह नौ जवानों ने मेहनत, पढ़ाई व कोचिंग के बाद सरकार नौकरी के लिए परीक्षा दी। मगर पेपर लीक हो गया। यूपी में अभी तक जितनी परीक्षा हुईं। सभी के पेपर लीक हुए।

# चुनाव: वृक्ष मित्रों ने लिया शत-प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**हमीरपुर।** जिले में यमुना पथ वे पर आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आपने जिस प्रकार पौधों को लगाकर कर यमुना पथ वे पर रौनक बढाई है।

उसी तरह आने वाले लोकसभा चुनाव 20 मई को शत-प्रतिशत मतदाताओं से मतदान करा कर हमीरपुर का मतदान प्रतिशत सबसे ज्यादा रखे। उनहोंने कहा कि हमीरपुर के मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालकर जनपद की मतदान के प्रति जागरुकता दिखानी है जिससे ये संदेश जगह-जगह जाए कि हमीरपुर एक अच्छे लोकतंत्र में जागरूक सहभागी है।

इस मौके पर आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,करन पाल सिंह मौदहा डैम,डी एन पांडेय रेंजर वनविभाग, सुमन पाल, नीलम सचान, मनीराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पेपर लीक कहीं न कहीं सोची समझी साजिश: डिंपल यादव



**अमर भास्कर, ब्यूरो**


**उन्नाव।** समाजवादी पार्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी व सांसद डिंपल यादव ने रामलीला मैदान में हुई जनसभा में केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला बोला। कहा कि जो वादे किए थे, वह न केंद्र और ना प्रदेश की सरकार पूरे कर पाई है। आरोप लगाया कि रोजगार और नौकरी के मामले में यहां जीरो है। डिंपल यादव ने कहा कि पेपर लीक कहीं न कहीं सोची समझी साजिश के तहत हो रहा है।

कहा कि नौकरी के माध्यम से जो आरक्षण मिल रहा है वह कहीं ना कहीं यह हटाना चाहते हैं। कहा कि प्रदेश से देश से ऐसी सरकार को हटाइए जिसने आपके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

जो परिवार वाले नहीं है, वह क्या जानेंगे कि परिवार की क्या जिम्मेदारी होती है। केंद्र की सरकार हटेगी, तो उत्तर प्रदेश की सरकार भी डगमगयेगी। सवाल किया कि जो वादा किया था...आपके अकाउंट में 15 लाख आएंगे अच्छे दिन आएंगे, क्या अच्छे दिन आए। कहा कि उन्हीं की सरकार ने महंगाई की वजह से किसानों की हालत खराब कर दी है कि रात में सो नहीं पा रहा।

अग्निवीर योजना लाकर हमारे किसान और हमारे जवान दोनों को सरकार ने मायूस किया है। मंगलसूत्र छीनने की बात करते हैं, वो बताए कि पुलवामा में हमारे जवान शहीद हुए थे। उनकी पत्नियों के मंगलसूत्र जिसने छीने थे, तो यह बताएं वह कौन लोग थे जिन्होंने उनके मंगलसूत्र छीने थे। कहा कि कहीं न कहीं संविधान को बचाने की भी लड़ाई है। संविधान के माध्यम से जो हमें हक और सम्मान मिला है उसे बचाने की लड़ाई है। जनता हमारे साथ है।

# काशी पहुंचे देशभर के 500 पहलवान, मौजूद रहेंगे 30 अंतरराष्ट्रीय रेफरी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता के आगाज के साथ ही बुधवार को खेलों की दुनिया में काशी का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में होगा। यूपी कुश्ती संघ की मेजबानी में यहां बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान स्थित इनडोर स्टेडियम में बुधवार से शुरू हो रही प्रतियोगिता में देश भर के 500 पहलवान जोर-आजमाइश करेंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्वाह्न 11 बजे औघड़ गुरुपद संभव राम करेंगे। भारतीय कश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने बताया कि पहले दिन पुरुषों के फ्री स्टाइल मुकाबले होंगे। जबकि दूसरे दिन बृहस्पतिवार को महिला वर्ग के मुकाबले होंगे। शुक्रवार को तीसरे और अंतिम दिन ग्रीकोरोमन के मुकाब मुकाबले होंगे। बताया कि फेडरेशन कप में 350 पुरुष और 150 महिला पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन सचिव राजीव सिंह रानू ने बताया कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के विशेषज्ञों की टीम यहां पहुंच चुकी है। टूर्नामेंट में 30 अंतरराष्ट्रीय रेफरी और विदेशी कोच मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता स्थल पर मंगलवार की दोपहर प्रतिभागी पहलवानों के कोच और मैनेजर्स की बैठक हुई।

इसमें 150 कोच और 75 टीम मैनेजर्स शामिल रहे। बैठक में मौजूद भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने टूर्नामेंट के नियमों के बारे में बताया। बबलू ने बताया कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा नियुक्त अंतरराष्ट्रीय कंप्लेंट कमेटी की चेयरपर्सन मोनिका खेरा भी यहां पहुंच चुकी हैं। फेडरेशन कप में हिस्सा लेने पहुंचे पहलवानों को मंगलवार को बजन कराया गया। इसके साथ ही मेडिकल चेकअप भी हुआ। पहलवानों को बताया गया कि पदक जीतने के तुरंत बाद उनका डोप टेस्ट भी लिया जाएगा। यूपी की 30 सदस्यीय टीम में वाराणसी के सात पहलवान जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। बुधवार की शाम प्रतिभागी पहलवानों ने प्रैक्टिस मैट पर जमकर अभ्यास किया और खूब पसीना बहाया। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के निर्देश पर भारतीय एथलीट आयोग का चुनाव बुधवार दोपहर कैंटोनमेंट स्थित एक होटल में संपन्न होगा।

# शादी की रस्मों के बीच पहुंची प्रेमिका का हंगामा, वर-वधू पक्ष में मचा हड़कंप



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**महोबा।** थाना अजनर के एक गांव में शादी की रस्मों के बीच पहुंची प्रेमिका ने जमकर हंगामा किया। हाईवोल्टेज ड्रामा देख वर व वधू पक्ष के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मामले की सच्चाई सामने आने पर दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया।

इसके बाद में प्रेमिका और दोनों पक्ष थाने पहुंच गए, जहां पंचायत चल रही है। वधू पक्ष शादी में आए खर्च की अदायगी की मांग पर अड़े हैं। कोतवाली चरखारी के गौरहारी गांव निवासी युवक की शादी थाना अजनर के स्यावन गांव में तय हुई थी। मंगलवार की रात धूमधाम से बरात वधू पक्ष के दरवाजे पहुंची। टीका की रस्म की तैयारी के बीच राठ निवासी प्रेमिका पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया। इससे अफरा-तफरी मच गई। तीखी नोकझोंक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। पूरी रात और बुधवार की दोपहर तक चली पंचायत के बाद प्रेमिका युवक से शादी होने की बात कहती रही। तब दुल्हन ने पूरा मामला समझने के बाद शादी से इंकार कर दिया। घटना से वधू पक्ष के लोगों में रोना-पीटना मच गया। लड़की के पिता ने शादी में आए खर्च का हिसाब बताया और धनराशि देने की मांग की। बराती सुबह के समय घर लौट गए, जबकि दूल्हा व अन्य परिजन अभी भी थाने में बैठे हैं।

# नवनियुक्त कुलपति के सामने हैं कई चुनौतियां



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मुस्लिम यूनिवर्सिटी की नवनियुक्त कुलपति प्रो. नईमा खातून के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनसे उन्हें निपटना हैं। यूनिवर्सिटी के अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने और स्थायी कर्मचारियों को रुके भत्ते देने सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों में गुस्सा है। इन मांगों को पूर्ण करने की चुनौती होगी। करीब छह हजार कर्मचारी हड़ताल से लेकर प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं। 10 सूत्री मांगों को लेकर एएमयू के स्थायी, अस्थायी और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आंदोलित हैं। कर्मचारी नेता फैसल गांधी ने बताया कि अभी तक उनकी मांगों पर एएमयू इंतजामिया कोई ध्यान नहीं दे रहा था। एक साल से एएमयू प्रशासन ने भत्ता बंद कर रखा है। नई कुलपति के रूप में प्रो. नईमा ने कार्यभार संभाल रखा है।

वह कर्मचारियों की सारी समस्याओं से अवगत हैं। उम्मीद है कि हमारे मामले को स्वतरू संज्ञान लेकर मांगें पूरी करेंगी। अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने और स्थायी कर्मचारियों को रुके भत्ते देने सहित अन्य मांगों को लेकर कुलपति कार्यालय के सामने कर्मचारियों ने 28 अक्तूबर 2023 को धरना शुरू किया था। 18 जनवरी को कार्यकारी परिषद की बैठक में कर्मचारियों की मांगों का मुद्दा उठने की बात मौखिक रूप से कही गई,

लेकिन न तो बैठक हुई और न ही उनके मुद्दे पर बात हुई। एएमयू में कर्मचारियों की 6570 पद सृजित हैं। इनमें 3550 स्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। 1280 अस्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। ऐसे में 1740 पद रिक्त हैं। सरकार ओएच 36 के तहत 4830 कर्मचारियों की वेतन देती है, लेकिन इनमें 1280 कर्मचारियों को ओएच 36 से वेतन देती है। 2440 दैनिक वेतन कर्मचारियों को ओएच-31 से मानदेय दिया जा रहा है। अलीगढ़ पब्लिक स्कूल में प्रो. नईमा खातून के एएमयू की कुलपति बनने पर खुशी मनाई गई। प्रो. जकिया अथहर सिद्दीकी ने बताया कि प्रो. खातून विवि की पहली महिला कुलपति बनी हैं।

# 14 मई को ब्रिटेन रवाना होगी हॉकी टीम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**वाराणसी।** हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि ललित हॉकी की शुरुआत यूपी कॉलेज से की थी। ललित उपाध्याय लगातार दो ओलंपिक खेलने वाले वाराणसी के दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले मोहम्मद शाहिद ने तीन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। ललित का यह लगातार दूसरा ओलंपिक है। इससे पहले ललित टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। इसमें भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था। उनसे प्रेरणा लेकर वाराणसी की महिला हॉकी टीम 21 वर्ष बाद यूपी चौंपियन बनी है। ललित सेंटर फारवर्ड पोजीशन से खेलते हैं।

# राज्यमंत्री दयाशंकर की चुनाव आयोग से शिकायत करेगी कांग्रेस, आचार संहिता के उल्लंघन का है मामला



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** आचार संहिता लागू होने के बावजूद राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल का निरीक्षण करने वाले यूपी सरकार के आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु की मुश्किल बढ़ सकती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की जाएगी। भाजपा नेता लगातार आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। आयुष राज्यमंत्री ने सोमवार को अस्पताल का निरीक्षण किया था। साथ ही निजी मेडिकल स्टोर का पर्चा बरामद किया था। इस मामले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा को घेरा है। उनका कहना है कि अभी राज्यमंत्री ने निरीक्षण किया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक शिलान्यास समारोह में हिस्सा लिया था। यह भी आचार संहिता के दायरे में आता है, लेकिन प्रशासन स्तर से कहीं कोई कार्रवाई नहीं हुई। इन दोनों मामलों में चुनाव आयोग से लिखित शिकायत की जाएगी।

# टायर फटने से ईको कार पलटी, पति-पत्नी घायल




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**इगलास।** 21 अप्रैल दोपहर को रिश्तेदारी में बीमार व्यक्ति का हाल चाल लेने जा रहे परिवार की ईको कार टायर फ्टने से खंती में जा पलटी। आनन-फानन सवारियों को लोगों ने ईको से बाहर निकाला। घटना में पति-पत्नी को चोटें आई हैं। थाना इगलास के गांव गिंदौरा निवासी ऋषि कुमार ने बताया कि खैर के गांव अरनी में उनकी बहिन रहती है। उनके बहनोई की तबियत खराब होने पर वह और उनके पिता बेनामी सिंह पुत्र होतीलाल, उनकी मां बुद्धो देवी , भाभी व दो छोटे बच्चे ईको कार से जा रहे थे। गोरई-गोंडा मार्ग पर गांव पाइन्दापुर बम्बा के पास चलती हुई गाड़ी का टायर अचानक फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार को ऋषि कुमार ने संभालने का प्रयास किया, परन्तु इतनी देर में कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। कार पलटते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीर मौके पर रुक गए और सवारियों को बाहर निकाल लिया। हादसे में बेनामी सिंह व बुद्धो देवी के हाथ व कान में चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए भेज दिया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने टोली बनाकर घर-घर मांगे वोट

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चन्दौसी भारतीय जनता पार्टी के संभल से लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता निकले घर-घर समर्थन मांगने। मोहल्ला लोधीयान खुर्जा गेट, घटिया गेट, पंजाबी कॉलोनी, फुब्बारा चैक, स्टेशन रोड, कचहरी वाला बाग आदि क्षेत्रों में 2 टीम बनाकर प्रत्याशी के परिजन साथ भाजपा की पटका टोपी के साथ घर घर वोट मांगे। सात मई को कमल का बटन दवा कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की अपील की।



इस दौरान नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, राजकुमार ठाकरे,मनोज दिवाकर, गिरीश रतन, तरुण कुमार नीरज, नरेंद्र शर्मा, डॉ टीएस पाल, अभिनव शर्मा, आकाश आहूजा, सतीश अरोड़ा, राखी सिरोही, रेनु कुमारी, संगीता सक्सेना, रक्षा रानी, शीला सागर मुकेश जाटव, मोर मुकुट वार्ष्णेय, राधा कश्यप,रतन वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, प्रेमपाल सिंह, सचिन्द्र यादव,मोहित दिवाकर, हरेन्द्र कोहली, यश मदान, अनुभव श्रीवास्तव, यश चौपड़ा, अवनीश कुमार, तुषार अग्रवाल, सुशील कुमार, प्रह्लाद लोधी, नीलम अरोरा, प्रजीत लालू आदि उपस्थित रहे।

# छह सीधी भर्तियों में जुड़ेंगे स्क्रीनिंग परीक्षा के अंक, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती भी शामिल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित छह प्रकार की सीधी भर्तियों में स्क्रीनिंग परीक्षा के अंकों को भी चयन का आधार बनाया जाएगा। इनमें राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती भी शामिल है। अब तक सीधी भर्तियों में स्क्रीनिंग परीक्षा केवल अभ्यर्थियों की छंटनी के लिए होती थी और इंटरव्यू में मिले अंकों के आधार पर चयन होता था। यूपीपीएससी ने बीते दिनों निर्णय लिया था कि जिन सीधी भर्तियों में स्क्रीनिंग परीक्षा होगी, उनमें स्क्रीनिंग परीक्षा के 75 फीसदी अंकों और इंटरव्यू के केवल 25 अंकों के आधार पर चयन परिणाम घोषित किया जाएगा। पहले केवल इंटरव्यू में मिले अंकों के आधार पर चयन किया जाता था, जिसमें अक्सर विवाद होता था। आरोप लगते थे कि आयोग्य अभ्यर्थियों को मनमाने तरीके से अंक देकर चयनित किया जाता है। ऐसे में आयोग को चयन की प्रक्रिया में बदलाव का निर्णय लेना पड़ा। स्क्रीनिंग परीक्षा और इंटरव्यू में मिले अंकों के आधार चयन होने से विवाद काफी हद तक थम जाएगा। आयोग ने छह प्रकार की सीधी भर्तियों की एक लिस्ट जारी की है, जिसमें राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती, सहायक रेडियो अधिकारी, खान अधिकारी, पशुचिकित्साधिकारी, यूनानी मेडिकल अधिकारी और आयुर्वेदिक मेडिकल अधिकारी भर्ती शामिल है। इन सभी पदों को स्क्रीनिंग परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से भरा जाएगा। इनमें राजकीय महा विद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती सबसे महत्वपूर्ण है। इस भर्ती के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन करते हैं। भर्ती के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से 300 से अधिक रिक्त पदों का अधियाचन भी शासन के माध्यम से आयोग को भेजा जा चुका है। आयोग को अब स्क्रीनिंग परीक्षा से संबंधित प्रस्तावित नियमावली को शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार है। नियमावली को मंजूरी मिलने के बाद ही आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करेगा। परीक्षा प्रणाली में बदलाव के बाद अब अभ्यर्थियों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी। स्क्रीनिंग परीक्षा के 75 फीसदी अंक चयन में जोड़े जाने हैं, ऐसे में जो स्क्रीनिंग परीक्षा अब तक केवल अभ्यर्थियों की छंटनी के लिए होती थी।

# प्रेक्षक व प्रत्याशियों की मौजूदगी में हुआ ईवीएम का द्वितीय व अंतिम रेंडोमाइजेशन



**बदायूं।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए भेजे गए सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव व 23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों व निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ईवीएम का द्वितीय व अंतिम रेंडोमाइजेशन का कार्य संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन 06 अप्रैल 2024 को हुआ था। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी, प्रत्याशी व निर्वाचन अभिकर्ता मौजूद रहे।

## बिना मॉकपोल के बूथ पर नहीं होगा मतदान



**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम बूथ पर उपलब्ध मतदाता सूची में नहीं है तो वह मतदान नहीं कर सकता है चाहे उसके पास मतदाता पहचान पत्र व विकल्प पहचान पत्र मौजूद हो। निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य विकल्पों की सूची बूथ परिसर के बाहर चस्पा करें। यदि किसी बूथ पर मॉकपोल नहीं हुआ है, तो उस बूथ पर मतदान नहीं होगा।

डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान अधिकारी प्रथम मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। मतदान अधिकारी द्वितीय मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही से निशान बनाएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मतदान अधिकारी तृतीय मतदाता से वोटर पर्ची लेकर उसे क्रमवार रख लेंगे तथा केवल उसी क्रम में मतदाता को मतदान हेतु अनुमन्य करेंगे जो क्रम संख्या उसकी वोटर पर्ची पर लिखी है। वही शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कार्मिकों को ईवीएम के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया व मतदान की पूरी प्रक्रिया पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम के द्वारा किए जाने वाले कार्यों सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों की जिज्ञासाओं को शांत किया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने भी प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय की प्रविष्टियों का किया गया मिलान

**बदायूं।** जिला पंचायत सभागार में व्यय प्रेक्षक आर० कुमारन ने निर्वाचन व्यय का अनुवीक्षण कर रहे सभी टीमों को निर्देशित किया कि किस प्रकार प्रत्याशी से व्यय रजिस्टर की जांच की जानी है। उन्होंने निर्देशित किया सभी प्रकार के लेन-देन बैंक खाते के माध्यम से नियमानुसार किये जाने है, जिससे कैश रजिस्टर, बैंक रजिस्टर एवं व्यय रजिस्टर की प्रविष्टियों का मिलान होता रहे। प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किये जाने के समय जो बैंक खाता दिया गया हो वह पृथक् एवं नया होना चाहिए एवं उसी खाते के माध्यम से सभी प्रकार के व्यय व्यवस्थित किये जाने चाहिए। इस अवसर पर निर्वाचन अभिकर्ता, व्यय परीक्षण लेखा टीम के सदस्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया हनुमान प्रकटोत्सव



**बिसौली।** हनुमान जी का प्रकटोत्सव नगर में बहुत ही धूमधाम से जयकारों एवं श्री राम धुन संकीर्तन, सुंदरकांड पाठ, श्री राम स्तुति के साथ मनाया गया। श्री सुंदरकांड आयोजन समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव नगर की अग्रवाल धर्मशाला में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव का प्रारंभ पूजन के साथ हुआ। श्री सुंदरकांड आयोजन समिति के संचालक राम प्रकाश गुप्ता प्राम जीष् एवं अनुज कुमार शर्मा ने सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद बजरंग बाण, हनुमानाष्टक तथा हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। रामप्रकाश गुप्ता ने भजन सुनाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुंदरकांड समिति के सदस्य मनोज अग्रवाल, लव, कुश, मनोज टाटा, युवराज भदोरिया, शिव शंकर रस्तोगी, पवन शर्मा, शोभित वार्ष्णेय, मितांश पाराशरी, ऋषभ पाराशरी, साहू सावेंद्र गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम में हाथरस के अध्यक्ष आशीष शर्मा, डॉक्टर मनोज महेश्वरी, डॉ. प्रवीण शर्मा, दुर्गेश वार्ष्णेय, योगेश भारद्वाज, राजेश भारद्वाज, डॉ संजय वार्ष्णेय, अनुपम गुप्ता, चंद्रेश कथूरिया, देवेंद्र भट्ट, अनूप शर्मा, एडवोकेट, चितरंजन गुप्ता, सत्यपाल वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव



**बगरैन।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम पेपल के मजरा वरखेडा मे संजीव पुत्र कल्यान उम्र 18 वर्ष निवासी वरखेडा थाना वजीरगंज का शव गाव के पास ही छत्रपाल के खेत मे पेड पर संधिग्त परिस्थियो मे लटका गाव के एक औरत ने देखा , जिसकी सूचना संजीव के परिवार को दी गयी , परिवार ने घटना की सूचना वजीरगंज पुलिस को दी आनन फानन ने थानाध्यक्ष वजीरगंज राकेश कुमार तथा वगरैन पुलिस प्रभारी सुदीप मलिक ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड से उतार कर पंचनामा भर कर पोस्ट माडम को भेज दिया , तथा मौके पर फारंसिक टीम भी पहुच गयी मृतक के पिता कल्यान के अनुसार उनके दो वेटे है वडा वेटा मृतक संजीव दिल्ली मे अपने फूंफा के साथ रहकर कवाडे का काम करता था। होली के वाद दिल्ली चला गया था, शनिवार को गाव बरखेडा आया था, शनिवार से ही लापता था, परिवार वालो ने सोचा था कही चला गया है आ जायेगा लेकिन बुद्धवार को गाव के पास ही पेड पर उसका शव मिला। शव बुरी तरह गल गया था वही मृतक का फोन वंद आ रहा है, थानाध्यक्ष वजीरगंज राकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुच कर शव को पोस्ट माडम को भेज दिया है शव चार पाच दिन पुराना लग रहा है पोस्टमाडम के वाद पता चलेगा कि संजीव की मृत्यु कैसे हुयी है तथा जांच के वाद कार्यवाही की जायेगी।

## विश्व पृथ्वी दिवस के तत्वाधान में छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए




**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के तत्वाधान में छात्र - छात्राओं द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से वृक्षों को न काटने और गंगा को प्रदूषित न करने का संकल्प लिया।

सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने के क्रम में प्रत्येक छात्र/छात्रा को कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। प्रधानाचार्या मीनू एल बत्रा ने सभी को प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने व कूड़ा करकट को जगह-जगह न फैलाने का संदेश दिया। पृथ्वी को हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखने के प्रयास का संदेश देते हुए एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बबेजा ने कक्षा 9 व 10 के छात्रों से पेंटिंग व मॉडल बनवाए। जिनमें बच्चों ने पृथ्वी की रक्षात्मक प्रणाली, हरी भरी पृथ्वी एवं पृथ्वी की प्रदूषण स्थिति और उसके दुष्प्रभाव एवं बचाव के उपाय व सब को अपनी-अपनी भागीदारी समझने के भाव को बताने का प्रयास किया। इन ज्ञानवर्धक मॉडल में कक्षा 9 की माही यादव कक्षा 10 की नमामि गिल ने पृथ्वी का पूरा सुरक्षा चक्र बहुत ही प्रभावशाली तरीके से समझाया जो वास्तव में सराहनीय प्रयास था।राधिका वार्ष्णेय, नमामि गिल व अदिति ने पृथ्वी दिवस पर बहुत ही अच्छी-अच्छी कविताएं सुनाई। इस अवसर पर यमुना हाउस की प्रस्तुति में कविता कथूरिया द्वारा कक्षा 7 व 8 के छात्र-छात्राओं द्वारा पृथ्वी बचाओ का संदेश देते हुए अत्यंत ही आकर्षक नृत्य नाटिका को प्रस्तुत किया। जो वास्तव में अपने आप में असाधारण थी। इस अवसर पर एसडीबी स्टाफ व बच्चों ने पृथ्वी की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक अनमोल सिंह, हर्ष कोठारी एवं श्वेता शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में दिव्यांशी, अंतिमा श्रद्धा, कनिष्का, लावण्या, रजत भूमि, इंदु, सारी, अनुराधा, ओमदीप, नूर सवा, नूरे इलाही, कार्तिकेय, वैष्णवी, हर्षिका, राबिया, खुशी, कशिश, अपेक्षा, वंशिका अंशिका, नाविका वार्ष्णेय, नंदिनी, अंश, दक्ष, पुष्पराज, माधव, पर्णका नैतिक, अनुराग, अनामिक, किंजल, अनुष्का, वर्तिका, आकांक्षा, पलक भूमि, आशी यादव, अपेक्षा रस्तोगी, दिव्यांशी शर्मा, लक्ष्मी, वंशिका गंगवार, महिमा, श्रेया, वंशु गौतम, श्रद्धा एवं कुशल आदि मौजूद रहे।

## मतदाता पर्ची व वोटर गाइड का होगा घर-घर वितरण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उप जिलाधिकारी सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत जनपद में मतदान दिवस 07 मई, 2024 को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के हेतु विधानसभा क्षेत्र 115 बदायूँ सम्मिलित लोकसभा क्षेत्र-23 बदायूँ एवं विधानसभा क्षेत्र 116 शेखूपुर सम्मिलित लोक सभा क्षेत्र-24 आंवला में दिनाँक 25 अप्रैल 2024 से बूथ लेविल ऑफिसर के माध्यम से प्रत्येक मतदाताओं के लिए मतदाता पर्ची तथा प्रत्येक परिवार के लिए एक वोटर गाइड व 23 जनवरी 2024 के बाद के नए मतदाताओं को मतदाता पहचान-पत्रों का वितरण घर-घर जाकर कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर व समस्त राजस्व निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत प्रभावी नियंत्रण रखते हुए वितरण सुनिश्चित करायेंगे। वितरण की प्रतिदिन की सूचना मतदाता पंजीकरण केन्द्र (वीआरसी), तहसील बदायूँ पर प्राप्त करायेंगे ताकि सूचना ऑनलाइन गूगल शीट पर अपलोड की जा सके।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को दिए निर्देश

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखनऊ द्वारा कई अभिनव पहल की जा रही हैं जहां एक और स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है वही मतदान दलों की रवानगी, मतदान दिवस आदि विभिन्न गतिविधियों का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। जनपद में एनआईसी कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार व अन्य अधिकारी जुड़े। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बुधवार को प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों व अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता कर उन्हें निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा तथा मतदान दलों की रवानगी, मतदान दिवस आदि विभिन्न गतिविधियों का भलीभांति प्रचार-प्रसार कराया जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार, अपर जिला अधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, वित्त वैभव शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया बूथों का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** सामान्य सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव ने बुधवार को विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने बूथों में एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का निरीक्षण किया। वह की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने बूथों पर आमजन से वार्ता कर मतदान दिवस 07 मई को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लोकसभा चुनाव को सकुशल रूप से संपन्न कराने के लिए भेजे गए सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव ने बुधवार को संसदीय क्षेत्र में दारुल उलूम मदरसा शाह-ए-वलायत, एसएम स्कूल कुरऊ रोड, श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, केदारनाथ महिला इण्टर कॉलेज, पार्वती आर्य कन्या संस्कृत इण्टर कॉलेज, वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ आदि बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर मौजूद स्टाफ व आमजन से वार्ता भी की। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजराजेश्वरी मंगला माता के मंदिर से खाली हाथ नहीं लौटता कोई मेला अध्यक्ष रंजीत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** कस्बे के पास पठारनुमा किले के अवशेष पर माता मंगला देवी का प्राचीन मंदिर स्थित है। इस मंदिर की आसपास इलाके में बड़ी मान्यता है। मंदिर में हर साल बड़ा मेला लगता है जो इस बार मेला 23 अप्रैल से शुरू। नगर से मात्र दो किमी दूर आंवला मार्ग स्थित एक ऊंचे टीले पर श्री राज राजेश्वरी मंगला माता का मंदिर है। लोगों की ऐसी आस्था है कि यहां दर्शन लाभ से ही विभिन्न कष्टों और संकटों से छुटकारा मिल जाता है। माता के दरबार से कोई निराश होकर नहीं लौटता। मां की आराधना के लिए वैसे तो बारहों महीने भक्तों का तांता लगा रहता है लेकिन सर्वश्रेष्ठ समय नवरात्र ही माना गया है। नवरात्र के बाद श्रद्धालु चौत्र मास की द्वादशी से लेकर पूर्णिमा तक देवी मां की जात (विशेष पूजा) करते हैं। इन्हीं दिनों में लोग अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराते हैं। मान्यता है कि यहां मुंडन कराने से बच्चे स्वस्थ तथा दीर्घायु होते हैं। पूर्णिमा के दिन से यहां मां के विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है, इस बार यह मेला 23 अप्रैल से लगेगा। इसमें प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी आकर दुकानदार दुकानें लगाते हैं बल्कि श्रद्धालु भी हाजिरी लगाते हैं। देवी मां के भव्य मंदिर की प्राचीनता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि प्राचीन ग्रंथों के साथ आल्हा ऊदल की कथाओं में भी इस मंदिर का कई बार जिक्र किया गया है। जानकार बताते हैं कि जिस जगह मां का मंदिर है पहले यहां मई भवानीगंज नाम की रियासत का किला था। जिसे किसी राजा ने आक्रमण करके खंडहर बना दिया। इसने एक टीले का रूप ले लिया, उसी टीले से मां का मठ बाहर से दिखने लगा तो इस मंदिर की मान्यता बढ़ती गई। समय के साथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी होता गया। मनौती पूरी होने पर भक्त घंटा चढ़ाकर करते हैं भंडारा देवी मां के मंदिर की सदियों से सेवा करते आ रहे नगर के माली परिवार के सेवादार पप्पू माली ने बताया कि यहां मेला कब से लग रहा है इसकी सही जानकारी उनके पुरखों को भी नही थी। यहां मांगी गई भक्तों की हर मुराद पूरी होती है। इसके बाद भक्त यहां घंटा चढ़ाकर भंडारा कराते है। मेला का शुभारंभ बड़ी ही धूमधाम के साथ हुआ। इस मौके पर ठाकुर रंजीत सिंह मेला अध्यक्ष, मोहम्मद नूर सभासद, नवी शेर, सुमित कुमार निक्की,धर्मेंद्र सिंह, ओमकार,राजेश कुमार, विजेंद्र मौर्य, टीनू प्रताप सिंह मौजूद रहे।



## हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय से सम्बन्धित शिविर का आयोजन

**बदायूं।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित केन्द्रीय सभागार में ऊष्माघात/लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव के उपाय से सम्बन्धित शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंकज कुमार अग्रवाल एवं समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित आये तथा न्यायालय के तृतीय श्रेणी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।



उक्त शिविर में डॉ० सनोज मिश्रा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, बदायूं, मानसिक रोग विशेषज्ञ, डॉ० कप्तान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरूष अस्पताल, बदायूं, डॉ० शिवपाल सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बदायूं, डॉ० कुशल पाल सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ, बदायूं आदि ने प्रतिभाग किया।

उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विस्तार पूर्वक ऊष्माघात/लू (हीट-स्ट्रोक) से बचाव के उपाय के विषय पर न्यायिक प्रशासन के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को जानकारी प्रदान करायी गयी इस ऊष्माघात/लू (हीट स्ट्रोक) को कम करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी व उनकी टीम द्वारा ऐसे टिप्स दिये जिससे ऊष्माघात/लू (हीट स्ट्रोक) के कारण होने वाली बीमारियों तथा उसके दुष्प्रभाव को रोका जा सके। उक्त कार्यक्रम का संचालन शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इसी कम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, बदायूं, दीपक यादव द्वारा उक्त कार्यक्रम में बताया गया कि ऊष्माघात/लू (हीट स्ट्रोक) को कम करने के लिए पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिए क्योंकि पानी की कमी से शरीर की त्वचा शुष्क हो जाती है जिससे व्यक्ति के शरीर में विभिन्न प्रकार की गम्भीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं इसी कम में अपने वकतव्य में उन्होनें कहा कि ऐसे कार्यकम समय-समय पर जनपद न्यायालय बदायूं में होते रहने चाहिए जिससे न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को होने वाले दुष्परिणाम से मुक्ति मिल सके, उक्त सम्बोधन के उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उक्त कार्यक्रम का समापन किया गया।

## एसडीएम ने मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीएम कल्पना जायसवाल ने नगर के पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। बुधवार को उप जिलाधिकारी ने जीजीआईसी में स्थित बूथों का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल ने निरीक्षण के दौरान पोलिंग बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाओं पीने का पानी, शौचालय, पंखा, रैम्प एवं साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। एसडीएम ने लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इधर उपजिलाधिकारी ने तहसील सभागार में मतदाता सूची का मिलान किया। जिसमें नायब तहसीलदार सृजन यादव, राजीव कुमार सिंह, सुधाकर मिश्रा, अब्दुल फराज खान, नरेन्द्र मौर्य, मनोज कुमार, सूर्यभान सिंह, संजय कुमार, ललित सक्सेना, भूपेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### सिलिकन वैली से जुड़े भ्रम...



सिलिकन वैली की कहानी आज के दौर के उद्यमियों को बहुत आकर्षित करती है। यह कहानी प्रतिभा, कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता और लगन का प्रतीक है। साथ ही यह शहरों को अवसरों के केंद्र में बदलने का प्रतीक है। यह एक आर्थिक विकास का खाका होने के साथ-साथ उद्यमशीलता के बढ़ने से पैदा होने वाली सामाजिक चुनौतियों को भी दर्शाता है। सैन फ्रांसिस्को के लिए, सिलिकन वैली नवाचार, तकनीक और मानव प्रगति में उत्कृष्टता हासिल करने का प्रतीक है। हालांकि इसकी विडंबना तब सामने आती है जब वादे की इस सरजमीं पर बेघरों और गरीबी बढ़ने का मुद्दा बढ़ने लगता है। वर्ष 2०24 के सिलिकन वैली इंडेक्स के मुताबिक सिलिकन वैली के सकल घरेलू उत्पाद की हिस्सेदारी 12.1 प्रतिशत थी जबकि कैलिफोर्निया के कुल जीडीपी में सैन फ्रांसिस्को की हिस्सेदारी केवल 5.4 प्रतिशत थी। हालांकि रिपोर्ट से सिलिकन वैली में आमदनी और संपत्ति की बढ़ती विषमता का अंदाजा मिलता है। शीर्ष 1० प्रतिशत परिवार 7० प्रतिशत सामूहिक संपत्ति पर अपना नियंत्रण रखते हैं जबकि औसत परिवारों की आय मुश्किल से महंगाई के साथ तालमेल बिठा पाती है। सिलिकन वैली और अमेरिका तथा बाकी दुनिया पर इसके प्रभाव को लेकर सुर्खियां बनी रहती हैं। लेकिन अक्सर इस बात की अनदेखी की जाती है कि इस तरह की घटना का किसी क्षेत्र की व्यापक शहरी गतिशीलता पर क्या प्रभाव पड़ता है। आर्थिक उत्पादकता से परे, संस्कृति में हो रहे बदलाव को समझना, नौकरियों की प्रकृति, श्रम-बल भागीदारी दर, जीने से जुड़ी सुगमता और नगरपालिका के कामकाज के दबाव को समझना महत्त्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2०21 में न्यूयॉर्क टाइम्स की एक शीर्षक थी, 'वे बे एरिया को जल्द नहीं छोड़ सकते्। इसमें क्षेत्र के कई तकनीकी स्टार्टअप और इनके कामगारों के स्थानांतरण के बारे में बात की गई थी। इसके लिए जिन वजहों पर जोर दिया गया था उनमें किराये की अत्यधिक दर भी शामिल थी जिसके चलते कामगारों के लिए जीने की बढ़ती लागत का संकट पैदा हो गया था।

साथ ही गूगल और मेटा जैसी अमीर और स्थापित दिग्गज कंपनियों के ऊंचे और आलीशान दफ्तरों और बेघरों के लिए बड़ी संख्या में लगाए जा रहे टेंटों के बीच अंतर स्पष्ट था। एक ही जगह पर इस तरह की उत्कृष्टता, भव्यता और भयंकर अभाव निश्चित रूप से इस बात की तहकीकात के लिए प्रेरित करता है कि स्टार्टअप शहरी संकट का हल निकालने के लिए किस तरह के समाधान की पेशकश कर सकते हैं। सिलिकन वैली में बेघरों की संख्या बढ़ने का एक मुख्य कारण जीवनयापन की अत्यधिक लागत है। मकान की आसमान छूती कीमतें, अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई हैं जिससे निम्न स्तर की आमदनी वाले व्यक्तियों और परिवारों के लिए रहने की पर्याप्त जगह लेने का खर्च उठाना मुश्किल होता जा रहा है। जैसे-जैसे तकनीकी कंपनियां अपना विस्तार करती हैं और प्रतिभाओं को अपने यहां काम करने के लिए आकर्षित करती हैं वैसे ही आवास की मांग बढ़ती जाती है जिसके चलते पहले से ही खराब हो रही स्थिति और विकट हो जाती है। इसका नतीजा यह है कि बेघर लोगों की आबादी बढ़ रही है जो इस क्षेत्र में आवास संकट के बीच भी स्थायी आवास खोजने के लिए संघर्ष करती है। सिलिकन वैली में रोजगार की प्रकृति भी इस तरह के हालात बनने के लिए जिम्मेदार है। तकनीकी कंपनियां कुशल श्रमिकों को ज्यादा भुगतान वाली नौकरियां देती हैं लेकिन ये ठेके वाले श्रमिकों और गिग-इकॉनमी श्रमिकों पर भी बहुत अधिक निर्भर होती हैं जिनके पास नौकरी की सुरक्षा और अन्य लाभ नहीं होते हैं। इनमें से कई श्रमिक मुश्किल से अपना गुजारा कर पाते हैं और अनिश्चित जीवन वाली परिस्थितियों के साथ-साथ वित्तीय अस्थिरता का सामना करते हैं। किफायती आवास और पर्याप्त समर्थन वाली प्रणाली न होने के चलते उनके बेघर होने का खतरा बढ़ जाता है। सिलिकन वैली की बेघर आबादी में भी विविधता है और इसमें विभिन्न पृष्ठभूमि और परिस्थितियों वाले लोग शामिल हैं। यहां लंबे समय से रहने वाले निवासियों को इस क्षेत्र में समृद्ध लोगों की बढ़ती आबादी और बढ़ते किराये के कारण बेघर होना पड़ा है। यहां हाल में आए लोगों का आकर्षण इस क्षेत्र में मिलने वाले विशेष अवसरों की उम्मीद के कारण हुआ है लेकिन उन्हें सड़कों पर या अस्थायी आश्रयों में अपना गुजारा करना पड़ रहा है। उनका ताल्लुक चाहे कहीं का भी हो लेकिन वे एक ऐसे क्षेत्र में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए एक-समान संघर्ष साझा करते हैं जो समाज में हाशिये पर रहने वालों के लिए तेजी से आक्रामक हो गया है।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-2436०1**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***


# वोडाफोन आइडिया का एफपीओ अभी लंबा है सफर!

वोडाफोन आइडिया के 18,००० करोड़ रुपये के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर ने यह उम्मीद जगा दी है कि नकदी संकट से जूझ रही इस दूरसंचार कंपनी के हालात बदल सकते हैं। एफपीओ सात गुना सबस्क्राइब हुआ और निवेशकों से करीब 9०,००० करोड़ रुपये की राशि बोली में हासिल हुई।

बीते कुछ वर्षों में धन जुटाने में नाकाम वोडाफोन आइडिया ने आखिरी प्रयास में एफपीओ पेश करने का निर्णय लिया जिसे विदेशी निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला। सफल एफपीओ वोडाफोन आइडिया में नई जान फूंकने में मददगार साबित हो सकता है लेकिन यह भी संभव है कि इसका सीमित प्रभाव हो।

ऐसा इसलिए कि कंपनी के नुकसान और देनदारी का आंकड़ा बहुत बड़ा है। कंपनी पर 31 दिसंबर, 2०23 तक करीब 2.15 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था। इसमें 1.38 लाख करोड़ रुपये का लंबित स्पेक्ट्रम भुगतान और सरकार के प्रति 69,०2० करोड़ रुपये की समायोजित सकल राजस्व देनदारी शामिल थी।

इसके अलावा कंपनी पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों की 6,०5० करोड़ रुपये की देनदारी तथा 1,66० करोड़ रुपये का वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर शामिल है।

कंपनी के लिए चिंता की और भी वजह हैं। उनमें सबसे बड़ी है उसके ग्राहकों की लगातार कम होती संख्या। कंपनी पिछले कई महीनों से इसमें जूझ रही है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ज्त्ार्) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि जनवरी में वोडाफोन आइडिया के 22.1 करोड़ ग्राहक थे। अगर तुलना करें तो एयरटेल के 38.2 करोड़ और जियो के 46.4 करोड़ ग्राहक थे।

वोडाफोन आइडिया को 5जी सेवा प्रदान करने के क्षेत्र में बहुत काम करना है क्योंकि उसके प्रतिद्वंद्वी उससे बहुत आगे हैं। गत सप्ताह एफपीओ की घोषणा के समय वोडाफोन आइडिया प्रबंधन ने विस्तार से बताया कि 5जी सेवाओं की शुरुआत के लिए कंपनी की क्या योजना है। कंपनी का इरादा है कि अगले 24 से 3० महीनों के दौरान अपने राजस्व का 4० फीसदी हिस्सा 5जी सेवाओं से अर्जित करे। परंतु दूरसंचार कंपनी की 5जी नेटवर्क ऑर्डर व्यवस्था उसके राजस्व जुटाने से संबद्ध होगी।




यह स्पष्ट है कि एफपीओ से हासिल हो रही मौजूदा धनराशि इतनी अधिक नहीं होगी कि यह कंपनी 5जी और नेटवर्क विस्तार में भी खर्च कर सके और अपना भारी भरकम कर्ज भी चुका सके। दूरसंचार नकदी की जरूरत वाला क्षेत्र है जहां एक बार धन जुटाकर कंपनी अपनी समस्याओं को हल नहीं कर सकती।

प्रवर्तक कंपनियों वोडाफोन पीएलसी और आदित्य बिड़ला समूह ने हाल के समय में मामूली वित्तीय सहायता प्रदान की है और कंपनी को सख्ती बरतते हुए अपने टैरिफ को व्यावहारिक बनाना होगा। मासिक प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) को इस क्षेत्र और दूरसंचार कंपनियों की सेहत का मानक माना जाता है। न केवल वोडाफोन आइडिया बल्कि समूचे दूरसंचार उद्योग को इसमें इजाफा करना होगा ताकि कारोबार व्यावहारिक बन सके।

वोडाफोन आइडिया का मासिक एआरपीयू अभी 145 रुपये प्रति माह है जो जियो के 181.7 रुपये प्रति माह और एयरटेल के 2०8 रुपये प्रति माह से काफी कम है। समग्र तौर पर देखें तो भारत में दूरसंचार क्षेत्र का औसत एआरपीयू 152.5० रुपये प्रति माह है जो वैश्विक आंकड़ों का एक हिस्सा भर है।

इस परिदृश्य में शुल्क दरों को तार्किक करके यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि देश के दूरसंचार क्षेत्र में दो कंपनियों के दबदबे की स्थिति न बने। केंद्र सरकार वोडाफोन इंडिया में 33 फीसदी के साथ सबसे बड़ी हिस्सेदार (एफपीओ के पहले तक) है। यह स्थिति तब बनी जब फरवरी 2०23 में दूरसंचार कंपनी के सकल राजस्व बकाये पर बने ब्याज को शेयरों में तब्दील किया गया।

सरकार के पास यह विकल्प भी रहा कि वह बाद में भी कंपनी के बकाया को शेयरों में बदल सके। परंतु दूरसंचार कंपनी को सफल एफपीओ के बाद एक मजबूत कारोबारी मॉडल की भी जरूरत है। सुधार के संकेत बाद में उसे विस्तार के लिए धन जुटाने में भी मदद करेंगे।

# विकास की बढ़ी रफ्तार मगर चिंता का सबब रोजगार

ब्रह्मपुत्र मेल जब ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित कामाख्या जंक्शन में प्रवेश करती है, तो सूरज भी उमड़ते-घुमड़ते बादलों के बीच अठखेलियां करता दिखता है। हाल ही में सुर्खियों में आया यह रेलवे स्टेशन उन चुनिंदा स्टेशनों में से एक है जिसे रेल मंत्रालय ने अमृत भारत योजना के तहत भव्य कायाकल्प के लिए चुना है। इसके साथ देश के अन्य 1,274 रेलवे स्टेशन भी चिह्नित किए गए हैं।

यहां की दीवारों पर उकेरी गई पारंपरिक कलाकृतियां इन्हें जीवंत बनाती हैं, लेकिन प्लेटफॉर्म की बेचों पर धूल का गुबार है और किनारों पर कूड़ा बिखरा पड़ा है। ट्रेन के भीतर एक छोटा-सा भारत दिखता है। असम के कामाख्या से पुरानी दिल्ली तक 2,००० किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर निकले हर तबके के लोगों को, चाहें वे अमीर हों या गरीब, इस ट्रेन में जगह मिली है।



पटरी पर दौड़ती ट्रेन की आवाज के बीच यात्रियों की भी एक आवाज आती है, जो अपनी-अपनी आशा और निराशा की कहानी बयां करती है। कुछ यात्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हैं, तो कुछ रोजगार की कमी पर अफसोस जताते हैं और इसका ठीकरा मोदी पर ही फोड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान ट्रेनों के समय-सारिणी पालन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है और इससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिली है। यहां के दुकानदारों को स्टेशन के नवीनीकरण का बेसब्री से इंतजार है। उन्हें उम्मीद है कि इससे समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत होगी। यात्रियों की इस भीड़ में चुनावी ड्यूटी पर जाने वाले पुलिस अधिकारी उत्सव दास भी हैं। उनकी वर्दी पर उनके नाम वाला प्लेट उनके पेशे की दृढ़ता दर्शाता है। वह कहते हैं, 'मैं कई बार ड्यूटी पर गया हूं, लेकिन इस बार की यात्रा थोड़ी हल्की लगती है। इस बार हम अभी दो शिफ्ट में काम कर रहे हैं और देख रहे हैं कि जमीन पर राजनीतिक उत्साह नहीं है। नागरिकता संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के विरोध में हुए प्रदर्शनों के बाद हालिया असम विधान सभा चुनावों पर इनकी एक लंबी छाया पड़ी है। दास ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाने की घटनाओं ने कहीं न कहीं कांग्रेस को कमजोर किया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भी चुनावों के बाद भाजपा में और नेताओं के आने के संकेत दिए हैं। तृतीय श्रेणी वातानुकूलित डिब्बे में दास के सहयात्री भी शर्मा के मुखर नेतृत्वशैली की प्रशंसा करते हैं। हालांकि, वह सीएए पर केंद्र के रुख पर असंतोष जताते हैं, लेकिन भाजपा की बयानबाजी पर सहमत भी हैं। उत्तरी बंगाल की भावनाओं पर प्रीतम दास का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस के वोट हिस्सेदारी में बड़ा झटका लगना तय है। लोग अब ममता बनर्जी की मुस्लिम तुष्टीकरण से ऊब चुके हैं। उनकी पत्नी दीपा हस्तक्षेप करते हुए कहती हैं, भारतीय मुसलमान अच्छे हैं, लेकिन मसला रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के साथ है जिनके दिमाग में खुराफात चलती रहती है। मोदी ने उन्हें काबू में कर दिया है और इसके लिए हम उनके आभारी हैं। बोंगाईगांव स्टेशन पर थोड़ा सुकून मिलता है,

जहां रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी, कुछ रेलवे कर्मचारी और स्टेशन पर सामान बेचने वाले कैरम खेलते हुए दिखते हैं। व्यस्त दिनचर्या में यह थोड़ा सा विराम है। कम बोगियों और त्योहार की बढ़ती भीड़ को संभालना एक चुनौती है। मालदा में पले-बढ़े विपिन वेतन कटने के डर से अपने परिवार से अलग रहते हैं और ट्रेन में ही अपना दिन बिताते हैं। विपिन इस पर अफसोस जताते हैं कि रेलवे में हर साल नौकरियां कम हो रही हैं और अपने जैसे संविदा कर्मियों के खराब वेतन, नौकरी के असुरक्षित होने और किसी तरह का स्वास्थ्य कवरेज नहीं होने पर चिंता जताते हैं।

## खेल-खिलाड़ी

# ऋतुराज ने शतक लगाकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाई

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2०24 के 39वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से हुआ। इस मैच में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल के इस सीजन में अपना पहला शतक जड़ा और उनकी पारी की बदौलत चेन्नई ने 2० ओवर में चार विकेट गंवाकर 21० रन बना दिए। ऋतुराज ने 1०8 रन की नाबाद पारी में 6० गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और तीन छक्के लगाए। उनका अच्छा साथ शिवम दुबे ने दिया जिन्होंने अपनी तेजतर्रार 66 रन की पारी में 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के जड़े। ऋतुराज और दुबे ने चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 1०4 रन की साझेदारी की। टीम के दिग्गज बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी एक गेंद खेलकर चार रन पर नाबाद रहे। लखनऊ के लिए मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर को एक-एक विकेट मिला।

गायकवाड़ ने क्रुणाल की गेंद पर एक रन लेकर 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल में बतौर ओपनर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज का 17वां 5० का स्कोर रहा। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 5० से अधिक का स्कोर बनाने के मामले में शीर्ष पर आ गए हैं। उन्होंने फाफ डुप्लेसिस को पीछे छोड़ दिया। डुप्लेसिस ने 16 बार ऐसा किया था। यह आईपीएल में बतौर ओपनर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज का 17वां 5० का स्कोर रहा। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 5० से अधिक का स्कोर बनाने के मामले में शीर्ष पर आ गए हैं। उन्होंने फाफ डुप्लेसिस




को पीछे छोड़ दिया। डुप्लेसिस ने 16 बार ऐसा किया था। ऋतुराज चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बतौर ओपनर 2००० रन पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बने। वहीं, आईपीएल में बतौर ओपनर 2००० रन पूरे करने वाले 21वें खिलाड़ी बने।

जडेजा और गायकवाड़ ने संभलकर खेलते हुए टीम के 1० ओवर में दो विकेट पर 85 रन पूरे कर दिए। टीम के 1०० रन भी 12वें ओवर में पूरे हुए। इस बीच, जडेजा रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और इसका फायदा उठाते हुए जडेजा लंबे शॉट के प्रयास में मोहसिन की गेंद पर विकेटकीपर राहुल को कैच दे बैठे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 52 रन की साझेदारी निभाई। 15 ओवर तक चेन्नई ने तीन विकेट खोकर 135 रन बनाए थे।

ऋतुराज ने 18वें ओवर में यश की गेंद पर चैके के साथ 56 गेंदों में शतक जड़ा। उन्होंने इस ओवर में एक छक्का, दो चैके लगाए। इस ओवर में चेन्नई 18 रन बटोरने में सफल रहा। आईपीएल में उनका दूसरा शतक रहा। ऋतुराज ने दोनों शतक चेन्नई के लिए ही लगाई हैं। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में मुरली विजय और शेन वॉटसन के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गए। विजय और वॉटसन ने भी चेन्नई के लिए दो-दो शतक लगाए थे। ऋतुराज ने 6० गेंद में 12 चौके और तीन छक्के की मदद से 1०8 रन की नाबाद पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 18० का रहा। यह सीएसके की ओर से पांचवां सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर रहा। इस मामले में शीर्ष पर मुरली विजय हैं। उन्होंने 2०1० में राजस्थान के खिलाफ 127 रन की पारी खेली थी। दूसरे नंबर पर 117 रन के साथ वॉटसन और तीसरे स्थान पर 116 रन के साथ माइकल हसी हैं। चौथी स्थान पर 113 रन के साथ फिर से विजय हैं। ऋतुराज ने अब तक सिर्फ आठ मैचों में चेन्नई की कमान संभाली है, लेकिन कम समय में ही उन्होंने लंबे समय तक सीएसके की कप्तानी करने वाले महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया है। ऋतुराज आईपीएल में किसी सीएसके कप्तान द्वारा सबसे बड़ी पारी खेलने वाले कप्तान बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड टीम को पांच बार आईपीएल दिलाने वाले धोनी के नाम था। दूसरी तरफ शिवम ने भी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने 16वां ओवर करने आए यश को निशाना बनाते हुए छक्कों की हैट्रिक लगा दी।

# गुजरात के खिलाफ पंत के नेतृत्व की होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत की नेतृत्व क्षमता की बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले आईपीएल मुकाबले में परीक्षा होगी। दिल्ली को अपने घरेलू मैदान में गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा होगी। दिल्ली को घर में अपने पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की




हार का सामना करना पड़ा था, जबकि इससे पहले टीम दो मैच से जीतती आ रही थी।

हैदराबाद के खिलाफ कप्तान पंत ने कई रणनीतिक चूक की थी। उन्होंने अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ओस को लेकर अनुमान सही नहीं रहा। उन्होंने दूसरे ओवर में ललित यादव को गेंद थमा दी। इससे हैदराबाद को आक्रामक शुरुआत करने का मौका मिल गया। हैदराबाद ने पावरप्ले के पहले छह ओवरों में बिना क्षति के 125 रन का रिकॉर्ड स्कोर बना डाला। बाद में बल्लेबाजी में पंत 267 रन का पीछा करते समय 35 गेंद में 44 रन की पारी ही खेल पाए। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर को आक्रामक शुरुआत दिलाने की जरूरत थी लेकिन दोनों सफल नहीं हो सके। हालांकि युवा बल्लेबाज जैक फ्रेजर मैकगर्क ने 18 गेंदों पर 65 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पूरा समर्थन नहीं मिल पाया था। अभिषेक पोरेल ने 22 गेंदों पर 42 रन कुछ सहयोग करने का जरूर प्रयास किया। इस

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संविधान में किया संशोधन



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को लेकर बात की। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधारों और जमीनी स्तर की पहल के लिए देश के समर्पण पर जोर दिया।

साथ ही कहा कि बदलाव के रूप में सशक्त महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय और राज्य विधानसभाओं में 1-3 सीटें आरक्षित करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया है। यह कदम शांति और सुरक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।

कंबोज बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संघर्ष-संबंधित यौन हिंसा को रोकने पर एक खुली बहस को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति हमारे देश का समर्पण संघर्ष संबंधी यौन हिंसा का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से प्रदर्शित होता है। इस दृष्टिकोण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधार और जमीनी स्तर की पहल शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शांति और सुरक्षा नीतियों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में बहुत मुखर रहा है। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के योगदान को स्वीकार करते हुए, कंबोज ने कहा कि भारतीय महिला शांति सैनिकों ने संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा को रोकने में महत्वपूर्ण मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। हम मेजर सुमन गवानी को 2०19 में यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफद ईयर से सम्मानित करने पर भी बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने संघर्ष संबंधी यौन हिंसा को रोकने और सलाह देने में भारतीय महिला शांतिरक्षकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बदलाव के रूप में सशक्त महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय और राज्य विधानसभाओं में 1-3 सीटें आरक्षित करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया है। यह कदम शांति और सुरक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।

जी 2० की अध्यक्षता के दौरान, कंबोज ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर भारत के ध्यान पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत ने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर ध्यान देने के साथ महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया था।श् उन्होंने इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में जी2० महिला सशक्तिकरण कार्य समूह की स्थापना पर भी प्रकाश डाला।

## ईंधन लेकर जा रहा विमान गिरा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को डगलस सी-54 विमान जो कि ईंधन लेकर जा रहा था, वह अलास्का के फेयरबैंक्स में उड़ान भरने के बाद एक जमी हुई नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एबीसी न्यूज ने राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के हवाले से बताया कि विमान में दो लोग सवार थे। 91 ईंधन परिवहन विमान जो कि अलास्का एयर फ्यूल संचालित करता है, वह सुबह लगभग 1० बजे तनाना नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

विमान ने फेयरबैंक्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। अलास्का सार्वजनिक सुरक्षा विमान के अनुसार विमान नदी के किनारे एक खाड़ी में विमान फिसल गया, उसमें यहां आग लग गई।

विमान में सवार कोई भी जीवित नहीं बचा। हालांकि एनटीएसबी ने कुछ एजेंट घटनास्थल पर भेजे हैं, जो कि मामले की जांच कर रहे हैं। इस जांच में एयरपोर्ट के अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी।

# इमरान की पार्टी ने सेना के साथ गुप्त बातचीत के दावों को नकारा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जेल की सजा काट रहे पीटीआई के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान उन दावों को सिरे से नाकारा है, जिनमें कहा जा रहा था कि उनकी सेना के साथ गुप्त वार्ता चल रही है। पार्टी के अध्यक्ष गोहर खान ने रावलपिंडी की जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने आज पार्टी के संस्थापक इमरान खान से पूछा कि क्या कुछ संस्थानों ने बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया है।

इमरान खान ने स्पष्ट जवाब दिया, उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया और न ही उन्हें किसी से बातचीत के लिए कोई संदेश मिला था। गोहर खान का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान की मीडिया में कुछ खबरें आई थीं। खबरों में दावा किया गया है कि इमरान खान ने पीटीआई के कुछ नेताओं द्वारा सेना से संपर्क साधने का खुलासा किया है।

गोहर खान ने बताया कि अगर हमें बातचीत के लिए किसी से कोई संदेश मिलता है तो भी हम मीडिया को सूचित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी पार्टी को संवाद में रुचि होगी, तो इस चर्चा को खुले मंच पर आयोजित किया जाएगा और मीडिया को भी इसके बारे में सूचित किया जाएगा। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष गोहर खान ने यह भी कहा कि पीटीआई किसी भी ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी, जिसने उसका जनादेश चुराया हो। हालांकि, पार्टी पाकिस्तान के लोगों के अधिकारों के लिए अपने प्रयास और संघर्ष जारी रखेगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई के बाद जेल से कहा था कि वह देश की खातिर किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। अगर वह पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, जिन पर उन्होंने अप्रैल 2०22 में पीटीआई सरकार के पतन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था, तो वह किसी से भी मिल सकते हैं।

# इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक तरफ इस्राइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इस्राइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफकिए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है।

हालांकि, इस कदम की इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है। फलस्तीन के वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इस्राइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी।अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।

उन्होंने शनिवार रात कहा, 'इस्राइली रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। हमारे सैनिक आतंकवादी से लड़ रहे हैं। आईडीएफ यूनिट पर प्रतिबंध लगाने का इरादा बेतुकापन है। उन्होंने आगे कहा, मैं जिस इस्राइली सरकार का नेतृत्व कर रहा हूं, वह इन कदमों के खिलाफ सभी तरीकों से कार्रवाई करेगी। अमेरिका इससे पहले ईरान पर भी इस्राइल हमला प्रतिबंधित है।

# इंग्लिश चौनल पार करते हुए पांच लोगों की मौत



**ब्रिटेन।** इंग्लिश चौनल पार करते समय एक छोटी नाव डूब गई। हादसे में पांच लोगों की मौत गई। नाव खचाखच लोगों से भरी हुई थी। हादसा ब्रिटेन सरकार के उस फैसले के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने शरण चाहने वालों को रवांडा निर्वासित करने के विधेयक को मंजूरी दी। मानवाधिकार समूहों ने इस कानून को अमानवीय और क्रूर बताया है। बता दें, इस समुद्री चौनल से कई देशों से शरणार्थी यूरोप में आते रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 112 लोगों को ले जा रही नाव कैलाइस के फ्रांसीसी बंदरगाह से लगभग 32 किमी दक्षिण-पश्चिम में विमेरेक्स से निकली थी। बचावकर्मियों ने 49 लोगों को बचा लिया। चार लोगों को अस्पताल भेजा गया है।


बाकी लोग नाव पर ही रहे और वे ब्रिटेन की ओर निकल गए। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को यूक्रेन को 62 करोड़ डॉलर की नई सैन्य सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने यह घोषणा वारसॉ यात्रा के दौरान की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन अपने रक्षा बजट में 2.5 फीसदी का इजाफा भी करेगा। यूक्रेन पूर्वी सीमा पर रूसी सेनाओं को आगे बढ़ने से रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है।

ब्रिटेन सरकार ने कहा कि सैन्य सहायता में 4०० वाहन, 6० पोत, 16०० युद्ध सामग्री और 4 लाख राउंड गोला-बारूद के साथ ही ब्रिटिश स्टॉर्म शैडो लंबी दूरी की मिसाइलें भी शामिल होंगी। इन मिसाइलों की रेंज लगभग 241 किलोमीटर है और रूसी लक्ष्यों को मारने में प्रभावी होंगी। हालांकि, सैन्य सहायता कब मुहैया कराई जाएगी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को शीर्ष शाही सम्मानों के एक सेट का अनावरण किया। इसमें भारतीय मूल के ब्रिटिश चिकित्सक लॉर्ड अजय कुमार कक्कड़ और संगीतकार एंड्रयू लॉयड वेबर को उनके नए 'नाइट कम्पेनियन ऑफ द मोस्ट नोबल ऑर्डर ऑफद गार्टर' के रूप में पदोन्नत किया गया। कक्कड़ थ्रोम्बोसिस रिसर्च इंस्टीट्यूट, किंग्स हेल्थ पार्टनर्स और द किंग्स फंड के अध्यक्ष हैं। द किंग्स फंड धर्मार्थ स्वास्थ्य संगठन है। साल 2०22 में रानी एलिजाबेथ द्वितीय ने कक्कड़ को नाइट कमांडर ऑफद ऑर्डर ऑप द ब्रिटिश एम्पायर नियुक्त किया था।

दक्षिण फिलीपीन में एक हिंसक झड़प में सैनिकों ने मुस्लिम विद्रोही गुट के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया। गुट पर पहले भी बम धमाके व उगाही करने के आरोप हैं। मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के एक अंदरूनी इलाके में बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स के संदिग्ध सदस्यों के साथ एक घंटे की झड़प में सात सैनिक भी घायल हुए हैं। ब्रिगेडियर जनरल जोस व्लादिमीर कगारा ने बताया, विद्रोही गुट का एक प्रमुख कमांडर मारे गए।

# संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका-रूस का टकराव होना तय



**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने रूस पर एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह एक एंटी सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। जिसे रूस के रक्षामंत्री ने नकार दिया। आज होने वाली सभा में इस विषय पर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और रूस आमने-सामने हो सकते हैं।

बुधवार को रूस और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल होंगे। इसमें मतदान होगा, जो कि बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के लिए देशों को सहमति का अमेरिका ने प्रस्ताव तैयार किया।

कुछ समय पर अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया था कि वह एंटी सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। हालांकि रूस के रक्षा मंत्री ने अमेरिका के इस आरोप को सिरे से नकार दिया। वहीं कुछ राजनीतिज्ञों की मानें तो रूस इस प्रस्ताव को रोक सकता है।

वहीं अमेरिका ने भी यह कदम मॉस्को पर अंतरिक्ष में एंटी-सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित करने के आरोप लगाने के बाद उठाया। दरअसल शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड और जापान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत यामाजाकी काजुयुकी ने शुक्रवार को बयान दिया था।

# बैलिस्टिक मिसाइल पर अमेरिका की टिप्पणी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंधित करने के मामले में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि यह ऐसी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसारक और उनके वितरण का साधन थीं। इसलिए इन पर प्रतिबंध लगाया गया।

सभी संस्थाएं चीन और बेलारूस में स्थित थीं। हम प्रसार नेटवर्क और सामूहिक विनाश के हथियारों की खरीदी के खिलाफ कार्रवाई करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी को चेतावनी देता हूं, जो भी ईरान के साथ व्यापारिक सौदा पर विचार कर रहे हैं। उन सभी को भविष्य के प्रतिबंध और कार्रवाई के लिए तैयार होना होगा। अमेरिका ने हाल ही में चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगाया था। इन कंपनियों पर यह प्रतिबंध पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के पुर्जे मुहैया कराने के लिए लगाया गया था।

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह जानकारी दी थी। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलेपमेंट की शी, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड का नाम शामिल है। वहीं बेलारूस की मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

इन चारों कंपनियों पर पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में मदद करने का आरोप है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि ये कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल पाई गई हैं। जिसके चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

अमेरिका के विदेश विभाग ने बताया कि बेलारूस की कंपनी मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए विशेष व्हीकल चेसिस मुहैया कर रही थी। ये चेसिस बैलिस्टिक मिसाइल में लॉन्च सपोर्ट में इस्तेमाल होता है।


## किंग चार्ल्स ने किया शाही अनावरण

**ब्रिटेन।** किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को शीर्ष शाही सम्मानों के एक सेट का अनावरण किया। जिसमें भारतीय मूल के ब्रिटिश चिकित्सक लॉर्ड अजय कुमार कक्कड़ और संगीतकार एंड्रयू लॉयड वेबर को उनके नए नाइट कम्पेनियन ऑफद मोस्ट नोबल ऑर्डर ऑफद गार्टर के रूप में पदोन्नत किया गया।

कक्कड़ थ्रोम्बोसिस रिसर्च इंस्टीट्यूट, किंग्स हेल्थ पार्टनर्स और द किंग्स फंड के अध्यक्ष हैं। द किंग्स फंड एक धर्मार्थ स्वास्थ्य संगठन है। साल 2०22 में दिवंगत क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय ने कक्कड़ को स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाओं के लिए श्नाइट कमांडर ऑफद ऑर्डर ऑप द ब्रिटिश एम्पायर नियुक्त किया था। उनके विशेष करियर में 1992 में इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑफसर्जन के फेलो चुने जाना, हाउस ऑफलॉर्ड्स के नियुक्ति आयोग और न्यायिक नियुक्ति आयोग के अध्यक्ष के रूप में काम करना शामिल है।

पिछले साल से कक्कड़ लिंकन विश्वविद्यालय के चांसलर हैं और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में सर्जरी के प्रोफेसर भी हैं। हर साल किंग के श्ऑर्डर ऑफद गार्टरश् को विंडसर कैसल के मैदान में एक जुलूस और सेवा के साथ मनाया जाता है। वहीं, एंड्रयू लॉयड वेबर ब्रिटेन के सबसे सफल संगीतकार हैं। वह विश्व स्तर पर उन प्रसिद्ध कलाकारों में से हैं, जिन्होंने एमी, ग्रैमी, ऑस्कर और टोनी पुरस्कार जीते हैं। उन्हें क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय ने 1992 में नाइटेड की उपाधि दी थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने नहीं बढ़ाई भारतीयों के वीजा खारिज करने की संख्या



**मेलबर्न।** हाल के वर्षों में भारतीय छात्रों के लिए विदेशों में कई तरह के अवसर खुले हैं। इनमें वीजा शर्तों का आसान बनना भी एक कारण है। अब भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा है कि उन्हें अगले साल और अधिक भारतीय छात्रों के उनके देश में शिक्षा ग्रहण करने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के वीजा खारिज करने की संख्या भी बढ़ी नहीं है। ग्रीन ने जोर दिया, मैंने खुद आंकड़े देखे हैं, इस साल भी यह संख्या गत वर्ष के समान ही है। छात्रों की अस्वीकृति में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है।

भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा कि दोनों देशों में पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त रिश्ते बने हैं। भारत के कई छात्र खासतौर पर मेडिकल, नर्सिंग, प्रबंधन और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया को एक बेहतर विकल्प मानते हैं। बड़ी संख्या में भारतीय अपनी शिक्षा के हिस्से के रूप में ऑस्ट्रेलिया आना चुनते हैं।

यूरोपीय आयोग ने भारतीय नागरिकों को एकाधिक प्रवेश वीजा जारी करने पर विशिष्ट नियमों की घोषणा की। ये अब तक लागू वीजा कोड के मानक नियमों की तुलना में अधिक अनुकूल हैं। भारतीयों के लिए 18 अप्रैल, 2०24 को नई वीजा व्यवस्था अपनाई गई है। अब तक इसकी वैधता प्रवेश की तिथि से 9० दिन की होती थी।

यह वीजा विदेश में काम की अनुमति नहीं देता था, लेकिन अब भारतीय नागरिक लंबी वैधता वाले मल्टीपल एंट्री शेंगेन वीजा के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा, नए वीजा 'कैस्केड' के अनुसार, भारतीयों को अब दो साल के लिए वैध दीर्घकालिक, बहु-प्रवेश शेंगेन वीजा जारी किया जा सकता है।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्थापित सोशल मीडिया ट्रुथ ने एच-1बी कार्यक्रम के लिए अर्जी दी है। इस वीजा को उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रतिबंधित करने का प्रयास किया था।

ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप ने जून 2०22 में 65,००० डॉलर वार्षिक वेतन वाले एक कर्मी के लिए यह अर्जी दी। कंपनी को मंजूरी भी मिली लेकिन उसने नौकरी नहीं दी। इस वीजा आवेदन ने ट्रंप का दोहरापन उजागर किया, क्योंकि उन्होंने ही अमेरिकियों को काम पर रखने के लिए संरक्षणवादी एजेंडे का प्रस्ताव दिया था।

# ईरानी राष्ट्रपति का तीन दिवसीय दौरा हुआ समाप्त



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी का तीन दिवसीय पाकिस्तान दौरा बुधवार को खत्म हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने उनका इस दौरे को सार्थक करार देते हुए कहा कि कई मुद्दों पर चर्चाओं, व्यापार एवं ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय वार्ता काफी कारगर साबित हुई।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद यह किसी भी विदेशी नेता का पहला दौरा था। अपने तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना के प्रमुख आसिम मुनीर, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी, नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक और सिंध एवं पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से मुलाकात की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्षों के बीच सार्थक चर्चाएं हुईं।

व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे अन्य मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता की गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति रईसी ने लाहौर और कराची का भी दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी, उच्च स्तरीय दल जिसमें विदेश मंत्री भी शामिल थे।

# यूक्रेन-इस्राइल के लिए 95 अरब डॉलर के पैकेज को मंजूरी



**वाशिंगटन।** कई महीनों के इंतजार के बाद अमेरिकी संसद के उच्च सदन-सीनेट में यूक्रेन-इस्राइल की सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई। अमेरिका के उच्च सदन में मंगलवार को 79 विधायकों ने इस विधेयक के पक्ष में वोट दिया था, जबकि 18 इसके खिलाफ थे।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते यह विधेयक अमेरिकी संसद के निचले सदन-हाउज ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पास हुआ था। तब रिपब्लिकन नेताओं ने अचानक से अपना रुख बदल लिया और यूक्रेन, इस्राइल एवं ताइवान के लिए 95 अरब डॉलर की ज्यादातर सैन्य सहायता पर अपना समर्थन दिया।

सीनेट ने चार विधेयकों को एक पैकेज में बदल दिया था। इन पैकेजों में सबसे बड़ा हिस्सा 61 अरब डॉलर की सहायता यूक्रेन को प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 26 अरब डॉलर इस्राइल और दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में नागरिकों के लिए मानवीय सहायता एवं तीसरा हिस्सा 8.12 अरब कम्युनिस्ट चीन का मुकाबला करने के लिए रखा गया है। चौथे विधेयक को सदन में पिछले हफ्ते जोड़ा गया था। इसमें चीनी नियंत्रित सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर प्रतिबंध, जब्त की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन में स्थानांतरित करने के उपाय और ईरान पर नए प्रतिबंध शामिल हैं।

बाइडन ने वादा किया था कि जैसे ही सदन में इसे पास किया जाएगा, वह इसपर हस्ताक्षर कर इसे कानून में बदल देंगे। दो अधिकारियों ने बताया कि बाइडन प्रशासन पहले से ही यूक्रेन के लिए मदद की है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941